श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 89, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 4 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## दो टन से ज्यादा प्याज नहीं रख सकेंगे खुदरा विक्रेता : सीएम योगी

**प्याज की कीमतों को काबू करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमाखोरों पर सख्ती आरंभ कर दी है**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** आसमान छूती प्याज की कीमतों को काबू करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमाखोरों पर सख्ती आरंभ कर दी है। इसके तहत खुदरा विक्रेताओं के लिए दो मीट्रिक टन व थोक कारोबारियों के लिए 25 मीट्रिक टन प्याज की भंडारण सीमा तय कर दी गई है। यह आदेश दिसंबर माह अंत तक लागू रहेंगे। सरकार जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी करेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। इससे पूर्व गत 23 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की गई थी। भंडारण सीमा लागू करने से पहले व्यापारियों को तीन दिन का समय दिया जाएगा। व्यापारियों को छंटाई व पैकिंग का काम तीन दिन में पूरा कर लेना होगा। इसके बाद स्टॉक की सीमा लागू होगी। कुछ जिलों में प्याज की कीमतों में अचानक आई उछाल को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

दाल और सब्जियों की बेलगाम कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा है कि सरकार के लिए किसानों और आम जनता का हित सर्वोपरि है। यह सुनिश्चित कराएं कि किसान को उपज का उचित मूल्य मिले और आमजन को आवश्यक खाद्य सामग्री सही कीमत पर उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनता को उचित मूल्य पर दाल एवं सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएं। आवश्यक खाद्य सामग्री की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा है कि किसानों से सीधे आलू व प्याज खरीद कर जनता को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। कोई भी व्यापारी अगर खाद्य सामग्री की जमाखोरी करता है तो उस पर कठोरता से कार्रवाई की जाए। साथ ही इस बात में सतर्कता रखी जाए कि बिचौलिए किसी भी दशा में किसानों का शोषण न करने पाए।



## चीन से तनातनी के बीच आज शाम तक तीन और राफेल विमान आएंगे भारत

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** चीन से तनातनी के बीच तीन और राफेल जेट बुधवार शाम तक पहुंच जाएंगे। इन लड़ाकू विमानों के पहुंचने से वायुसेना की क्षमता में वृद्धि होगी। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, बुधवार सुबह फ्रांस से राफेल उड़ान भरेंगे और शाम तक भारत पहुंच जाएंगे। वायुसेना ने संघर्ष वाले क्षेत्रों में संचालन की भूमिका में राफेल को तैनात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पांच राफेल का पहला बैच 28 जुलाई को पहुंच गया था।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 10 सितंबर को इन लड़ाकू विमानों को अधिकृत रूप से शामिल कर लिया था। आ रहे विमानों के शामिल होने के बाद वायुसेना के पास आठ लड़ाकू विमान हो जाएंगे। 2022 के मध्य तक कुल 36 राफेल लड़ाकू विमान भारत तक पहुंच जाएंगे। केंद्र की राजग सरकार ने 2016 में इन विमानों के लिए लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे।

वहीं समाचार एजेंसी आइएएनएस ने कहा है कि तीनों राफेल विमान फ्रांस से उड़ान भरने के बाद रास्ते में रुके बिना भारत पहुंचेंगे। सूत्रों ने बताया कि फ्रांस के एयरबेस से गुजरात के जामनगर तक की लंबी उड़ान के दौरान फ्रांसीसी वायुसेना का हवा में ईंधन भरने वाला विमान भी साथ रहेगा। इससे पहले फ्रांस की कंपनी दासौ एविएशन से पांच राफेल विमानों का पहले बेड़े ने फ्रांस से उड़ान भरने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हाल्ट किया था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, राफेल के लिए अलग-अलग बैच में भारतीय वायुसेना के पायलटों को फ्रांस में प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहले बेड़े को वायुसेना में शामिल किए जाने के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल विमानों को गेम चेंजर बताया था। रक्षा मंत्री ने कहा था कि कि राफेल के साथ वायुसेना ने टेक्नोलॉजी के स्तर पर बढ़त हासिल कर ली है। यह नवीनतम हथियारों और सुपीरियर सेंसर से लैस लड़ाकू विमान है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 800 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन निरस्त, जानें क्या है वजह



**बिलासपुर, राज्य ब्यूरो।** हाईकोर्ट ने प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 800 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त कर दिया है। इस नियुक्ति को आयुष एसोसिएशन और बिलासपुर होम्योपैथी एसोसिएशन ने चुनौती दी थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना बनाई है। इसी योजना के अनुपालन में आयुष्मान भारत के दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके तहत मैदानी स्तर पर काम करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पदों का सृजन किया गया है।


राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के लिए आयुष पद्धति से स्नातक भी आवेदन कर सकते हैं। लेकिन, प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में आयुष स्नातकों को आवेदन करने से वंचित कर दिया गया था। इस पर हाई कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गईं। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस गौतम भादुड़ी की एकल पीठ ने विज्ञापन को निरस्त कर दिया। इस पर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने इस फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की। सुनवाई से पहले ही 21 सितंबर को अपील वापस लेते हुए उसी दिन नया विज्ञापन जारी कर दिया। इस पर याचिकाकताओं के वकील शशांक ठाकुर व वैभव पी. शुक्ला ने कोर्ट को अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी विज्ञापन संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के विपरीत है। विज्ञापन में आयुष आयुष स्नातकों को आवेदन करने से वंचित किया गया है। हाई कोर्ट के पूर्व में दिए गए निर्णय व सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का भी हवाला दिया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को दोबारा निरस्त कर दिया है।

## कोरोना के मामले बढ़ने की आशंका को देख तैयारी में जुटी सरकार, ऑनलाइन ट्रेनिंग से तैयार किए जा रहे फ्रंटलाइन वर्कर्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** त्योहार और सर्दी के सीजन में कोरोना संक्रमण में बढ़ोतरी की आशंका के मद्देनजर बड़ी संख्या में फ्रंटलाइन वकर्स तैयार किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इनकी ऑनलाइन ट्रेनिंग का मॉड्यूल तैयार किया है। प्रशिक्षण माड्यूल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 11 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें जांच के नमीने लेने, होम कोरेंटाइन में रहने वाले मरीजों पर नजर रखने से लेकर अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों की देखभाल तक कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के मुताबिक, केंद्र सरकार के ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफार्म आइगॉट प्लेटफार्म पर कोरोना से संबंधित कोर्स के 29.29 लाख से अधिक यूनिट उपलब्ध हैं। इनमें से 19.13 लाख यूनिट में ट्रेनिंग कोर्स को लोग पूरा भी कर चुके हैं। इन कोर्सेस की लोकप्रियता का आलम यह है कि देश के 736 जिलों में से 729 जिलों में 13.60 लाख लोग इसमें अपना पंजीकरण कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 19.13 लाख कोर्स यूनिट में ट्रेनिंग कोर्स को पूरा करने वालों का आनलाइन मूल्यांकन किया गया और उनमें से 15.05 लाख सर्टिफिकेट भी जारी किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने जल दोहन के लिए एनजीटी के जुर्माने पर लगाई रोक, यूपी सरकार व अन्य को जारी हुआ नोटिस

**शीर्ष अदालत एनजीटी के आदेश के खिलाफ एडवांट नैविस बिजनेस पार्क की अपील पर सुनवाई कर रही थी**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** उच्चतम न्यायालय ने नोएडा में अनधिकृत रूप से जल दोहन करने के मामले में 25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ठत्र्ळ) के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन, नवीन सिन्हा और कृष्ण मुरारी की पीठ ने अधिकरण के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार, नोएडा प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत एनजीटी के आदेश के खिलाफ एडवांट नैविस बिजनेस पार्क की अपील पर सुनवाई कर रही थी। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि जहां तक नोएडा गोल्फ कोर्स और एडवांट नैविस का संबंध है, तो उनके पास कोई वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। नोएडा गोल्फ कोर्स और एडवांट नैविस को एक महीने के अंदर 25 लाख रुपये बतौर अंतरिम मुआवजा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के यहां जमा कराना होगा। एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की समिति की रिपोर्ट का अवलोकन किया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि गैरकानूनी तरीके से भूजल निकाला जा रहा है और बागवानी कार्यो के लिए निकाले जा रहे भूजल का दुरुपयोग निर्विवाद है। एनजीटी ने कहा था कि यह स्पष्ट नहीं है कि क्या अनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्तो का अनुपालन हो रहा है। इसने अपने पहले के निदेर्शों का भी हवाला दिया कि भूजल का इस्तेमाल क्रिकेट मैदान और गोल्फ कोर्स जैसे स्थानों पर नहीं किया जाएगा। अधिकरण ने कहा था कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अवैध तरीके से भूजल दोहन के मामले में नुकसान का आकलन करने और मुआवजा वसूलने में विफल रहा है।

## स्नातक चपरासी की बर्खास्तगी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर, ग्रेजुएट होने की बात छुपाकर बैंक में हुआ था भर्ती



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** स्नातक होने की बात छुपाकर पंजाब नेशनल बैंक में चपरासी के पद पर भर्ती होने वाले अभ्यर्थी की बर्खास्तगी को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। इस पद पर भर्ती के लिए बैंक ने 12 वीं पास या उसके समकक्ष पढ़ाई करने वालों को ही आमंत्रित किया था। जस्टिस अशोक भूषण, आर.सुभाष रेड्डी और एमआर शाह ने इस मामले में उड़ीसा हाईकोर्ट के दो आदेशों को दरकिनार कर दिया, जिसमें बैंक को इस चपरासी की सेवाएं जारी रखने को कहा गया था।

पीठ ने कहा कि इस व्यक्ति ने बैंक में भर्ती होने के लिए बड़ी चालाकी से स्नातक (बीए) होने की बात छुपाई और खुद को बारहवीं पास बताया। पीठ ने कहा कि यदि बैंक को पता होता कि वह स्नातक है तो उसे इस पद पर भर्ती करने पर विचार न किया गया होता। वास्तव में अमित कुमार दास पद की योग्यता से अधिक पढ़ा लिखा था और इस कारण पद के लिए उपयुक्त नहीं था। उसके इस शरारतपूर्ण कृत्य से एक योग्य आदमी को उसका हक नहीं मिला।

पीठ ने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट ने 3 अक्टूबर 2016 को दिए अपने आदेश में बैंक को इस चपरासी की सेवाएं जारी रखने की हिदायत देकर गलती की। पीठ ने कहा कि दास ने जानबूझकर अपने बारे में जानकारी छुपाई। इससे उसके चरित्र और पिछले जीवन का पता चलता है। पीठ ने कहा कि जानबूझकर जानकारी छुपाने वाला अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा नहीं कर सकता। दास ने कोर्ट में अपनी बात के पक्ष में शीर्ष अदालत के एक फैसले को उद्धृत किया, जिसमें अधिक शिक्षित होने को नौकरी से हटाने का आधार नहीं बनाने की बात कही गई थी। इसी आधार पर उसने उड़ीसा हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराने की कोशिश की।

इस पर पीठ ने कहा कि बैंक के भर्ती विज्ञापन में यह स्पष्ट कहा गया था कि अभ्यर्थी को एक जनवरी 2016 को किसी हालत में स्नातक नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने दास पर कोई हजार्ना नहीं लगाया लेकिन इतना जरूर कहा कि उसके शरारतपूर्ण कृत्य से एक योग्य व्यक्ति को नौकरी से वंचित होना पड़ा। पीठ ने कहा कि किसी पद के लिए शैक्षिक योग्यता उस संस्था या उद्योग की जरूरतों और हितों को देखते हुए तय की जाती है। इन योग्यताओं को तय करने का काम कोर्ट का नहीं है। लेकिन नियोक्ता भी मनमानेपन या सनक के अनुसार योग्यता तय नहीं कर सकते।

## भारत में धार्मिक समुदायों के बीच नफरत फैलाने के लिए जहरीले भाषणों का इस्तेमाल कर रहा पाक



**संयुक्त राष्ट्र , प्रेट्र।** संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा हमला करते हुए कहा कि वह कोरोना महामारी की आड़ में सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। भारत में धार्मिक समुदायों के बीच नफरत फैलाने के लिए जहरीले भाषणों का जमकर इस्तेमाल कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने यहां जातीय और नस्लीय भेदभाव, असहिष्णुता आदि से संबंधित संवाद कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान, भारत में घृणा फैलाने वाले भाषणों से समुदायों के बीच ही नहीं संगठनों में भी नफरत फैलाने में लगा हुआ है। उसकी इन हरकतों का निशाना भारत के शीर्ष राजनीतिक नेता भी रहते हैं। एक तरफ पूरा विश्व कोरोना महामारी से लड़ने में अपनी पूरी ताकत लगाए हुए है, वहीं पाकिस्तान का एक सूत्रीय कार्यक्रम सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देना है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान के नफरत फैलाने वाले राजनीतिक एजेंडा को रोका है। इसके लिए पाक ने समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र का मंच भी इस्तेमाल करने की कुचेष्टा की है।

पाकिस्तान भारत में धार्मिक समुदायों के बीच निरंतर फूट पैदा करने की कोशिश कर रहा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सदभाव के साथ सभी समुदाय मिल-जुलकर रहते हैं। पाक की इन हरकतों को भारत की जनता ने हमेशा असफल किया है।

प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने कहा कि पूरे विश्व के लिये कोरोना महामारी के साथ ही घृणा फैलाने वाले भाषणों और और ऐसी सूचनाओं को भी रोकने की चुनौती है, जो समुदायों के बीच नफरत फैलाने के लिए सुनियोजित तरीके से की जा रही हैं। भारत कोरोना महामारी से बहुत ही पारदर्शी तरीके से लड़ रहा है और अपने सभी नागरिकों को समान रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

## असम विधानसभा के उपाध्यक्ष अमीनुल हक ने कहा राज्य में निजी मदरसे कभी नहीं होंगे बंद



**गुवाहाटी, प्रेट्र।** असम विधानसभा के उपाध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीनुल हक लश्कर ने कहा है कि राज्य में चल रहे निजी मदरसे कभी भी बंद नहीं होंगे। ये मदरसे मुसलमानों को जिंदा रखे हुए हैं। उन्होंने ये बातें कछार जिले में रविवार को एक मदरसे की आधारशिला रखने के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि इन मदरसों से मौलाना और काजी के साथ ही मस्जिदों के इमाम तक ने पढ़ाई की है। इन्हें कभी भी बंद नहीं किया गया। उन्होंने लोगों को मदरसों के बंद होने पर प्रदर्शन करने की सलाह भी दी। कहा कि मदरसे बंद किए जाने के खिलाफ कांग्रेस जब प्रदर्शन करे, तब उसे बताइएगा कि सिर्फ सरकारी मदरसे बंद होंगे। इंटरनेट मीडिया पर इस बयान के वायरल होने पर उन्होंने कहा कि सरकारी मदरसों के बंद होने से मुस्लिमों की धार्मिक शिक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनका यह बयान तब आया है, जब राज्य सरकार ने उसके द्वारा संचालित सभी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की थी कि सभी सरकारी मदरसे बंद होंगे, क्योंकि सरकार धर्मनिरपेक्ष समाज में धाद्गमक शिक्षा का समर्थन नहीं कर सकती। इस बाबत जल्द ही अधिसूचना भी जारी हो सकती है। उनके इस बयान पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया की थी। वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद मदरसों में ऑनलाइन परीक्षाएं करा सकता है। इसकी शुरूआत गृह परीक्षाओं से होगी। यह परीक्षाएं नवंबर व दिसंबर में आयोजित की जाएंगी। मदरसा बोर्ड वर्तमान शैक्षिक सत्र में सिलेबस भी कम करने जा रहा है। इसके लिए जल्द ही मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक होने जा रही है। इसमें मदरसों के ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि से लेकर परीक्षा कार्यक्रम, सिलेबस व परीक्षाओं के स्वरूप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज बुधवार, 4 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण पांच को

**शंकरगढ़।** लौह पुरुष, भारत रत्न, किसानों के मसीहा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा का अनावरण पांच नवंबर को शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इस समारोह के चीफ गेस्ट उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल होंगे। पूर्वाह्न 11 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल भी शिरकत करेंगी। इसके अलावा बारा विधायक डॉ अजय कुमार, शिवदत्त पटेल और जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती भी भाग लेंगे। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## करवा चौथ पर बाजारों में दिखी चहल-पहल

**जारी।** जारी बाजार में महिलाएं करवा चौथ के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है दिन बुधवार को सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना को व्रत रखेंगी जिसकी तैयारियां महिलाएं जोरों शोर से कर रही हैं कपड़े ज्वेलरी करवा चलनी आदि सामग्री की खरीदारी की जगह-जगह मिट्टी के करवा, के स्टाल फुटपाथतो पर सजे रहे। इसके अलावा बर्तनों की दुकानों में भीड़ दिनभर बनी रही।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं ने पर्व के पूर्व की तैयारी शुरू कर दी है अखंड सुहागन की कामना के लिए किए जाने वाले करवा चौथ का व्रत को लेकर महिलाओं में भरपूर उत्साह बना हुआ है और महिलाएं दुकानों पर करवा खरीद रही हैं सजने सवरने की तैयारियां तेजी से चल रही है इसको लेकर जारी बाजार सहित ग्रामीण अंचलों के बाजारों में स्थित कपड़े की दुकानों सराफा की दुकानों पर तथा सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकानों पर सोमवार मंगलवार को भारी भीड़ रही महिलाएं आभूषण के


करवा चौथ पर सजी दुकानें

अलावा लहंगा साड़ी और डिजाइनर सूट खरीदने के लिए उत्सुक रही बाजार गुलजार होने से दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान बनी हुई थी तो त्योहार के बाद शादी विवाह भी शुरू होने वाला है लिहाजा खरीदारी में इसका भी ध्यान दिया जा रहा है महिलाएं अपने परिधान को लेकर काफी सजग हैं जारी बाजार निवासी कपड़ा व्यापारी बृजेश गुप्ता का कहना है कि ज्यादातर महिलाएं साड़ी खरीद रही हैं इसके अलावा सलवार सूट के लिए डिजाइनर सूट ज्यादा आ रहा है इसी प्रकार आभूषणों की दुकानों सौंदर्य प्रदान की दुकानों पर सोलह सिंगार की वस्तुओं की खरीदारी भी जोरों पर है सौंदर्य प्रसाधन विक्रेता अजय अग्रहरी की दुकान पर सोलह



सिंगार की वस्तुओं की खरीदारी भी जोरों पर है और बाजारों में कपड़े आभूषण फल तथा सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकानों पर काफी चहल-पहल बनी हुई है

**नीलम गुप्ता** का कहना है कि दादी व माता भी करवा चौथ का व्रत रखती रही है सजना सवरना हर महिला को पसंद है करवा चौथ महिलाओं को या अवसर देता है कि पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना आवश्यक है।

**रश्मि श्रीवास्तव** का कहना है सजना है मुझे सजना के लिए करवा चौथ का व्रत अपने पति की लंबी दीघार्यु के लिए रखा जाता है और नए कपड़े आभूषण आदि की खरीदारी अपनी क्षमता के मुताबिक हम लोग करते हैं और व्रत रखकर पति की लंबी आयु के लिए कामना करते हैं।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे सरिया, दोनों ओर से कई घायल

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जम कर लाठी डंडा एंव सरिया से मार पीट हुई । दोनों ओर से आधा दर्जन घायल हुए हैं। गंभीर होने के कारण कई को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया किरांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी डंडा और सरिया से मार पीट हुई । एक पक्ष की रेखा देवी पत्नी प्रेमचन्द्र का हाथ तोड दिया गया। जबकि रेखा देवी के पति प्रेम चंद्र ,और उनकी बेटी ज्योति , प्रीति सिंह को गंभीर चोटें आयी है। जबकि दूसरे पक्ष के फतेहबहादुर ,मीता देवी , रवींद्र कुमार को चोटें आयी है। सभी घायलों का उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। जबकि रेखा देवी को रेफर कर दिया गया है। एक पक्ष के रेखा देवी ने मऊआइमा थाने में राजबहादुर रोहित ,शिवविशाल ,मीता देवी, चम्पा देवी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है । जबकि दूसरे पक्ष ने प्रेम चंद्र रेखा देवी रोहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

## अनियंत्रित टवेरा पलटी एक की मौत तीन घायल

**घूरपुर।** घूरपुर के बादलगंज गांव के हाईवे पर अनियंत्रित टवेरा पलटने से एक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पीएम के लिए भेजा।

सोमवार की देर रात रीवा की तरफ से शहर की ओर जा रही टवेरा बादलगंज गांव के सामने हाईवे पर पहुंची की अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार राम बाबू अग्रहरी (45) मेवा लाल का हाता मुट्ठीगंज की मौके पर ही मौत हो गई। जब की उसके परिवार के बैठे तीन सदस्य घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा शव को पीएम के लिए भेजा।

### खरपतवार रखने के विरोध पर महिला को पीटा तीन के खिलाफ शिकायत

**घूरपुर।** क्षेत्र के बगबना गांव में खरपतवार रखने के विरोध में पट्टीदारों ने महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता थाने पहुंच शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बगबना गांव निवासी मनीषा देवी (30) वर्ष पत्नी राम कुमार मंगलवार के दिन घर पर अकेली थी।पति शहर काम करने गये थे।उसके जमीन पर पट्टीदार खरपतवार रख रहे थे कि उसने विरोध किया तो तीन लोगो ने पिटाई कर दी। जिससे वह थाने पहुंच तीनों आरोपितों को नामजद करते हुए शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## मेजा ब्यापार मंडल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोक निर्माण एवं पुलिस विभाग से संबंधित किया शिकायत

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र सहित अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने प्रभारी सम्पूर्ण समाधान दिवस को लोक निर्माण विभाग और पुलिस से सम्बंधित शिकायत कर समस्या का समाधान निकालने की गुहार लगाई है। मेजा के व्यापारियो की शिकायत है कि विगत 2016 में सिरसा से कोरांव तक सड़क मरम्मती का कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराया गया, उसके थी तीन वर्ष बाद सिरसा से कताई मिल तक सड़क चौडीकरण का काम हुआ। दोनों समय में मेजा खास बाजार में नाली का निर्माण सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा नही कराया गया,बल्कि सड़क के किनारे इंटर लॉकिंग को ठेकेदार द्वारा यह कहकर उखाड़ लिया गया कि नाली का निर्माण होगा।लेकिन आज तक नाली का निर्माण नही हुआ। जबकि ध्वस्त नाली से घरों का पानी बहकर सड़क पर फैल जाता है जिससे व्यापारियो सहित ग्राहकों और आम आदमी को भारी परेशानियों का सामना करना


समाधान दिवस पर अधिकारियों से शिकायत करते हुए

पड़ता है।जमा हुआ नाबदान के पानी से बदबू आने से संचारी रोग फैलने का बराबर भय बना रहता है।एक ओर प्रदेश की सरकार संचारी रोग के रोकथाम के लिए कई तरह से युद्ध स्तर पर काम कर रही है वही समन्धित अधिकारियो की लापरवाही से व्यापारी परेशान है।व्यापारियो की दूसरी समस्या में पुलिस विभाग द्वारा अवैध रूप से गिट्टी लड़े ट्रकों को सीज कर बाजार में दुकानदारो की दुकान के सामने खड़ा कर दिया जाता है जिससे व्यापारियो का धंधा प्रभावित होता है। कोरोना के समय में भी लगभग 70 ट्रकों को सीज कर बाजार में सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है।एक ओर व्यापारियों को भारी परेशानी दूसरे आवागमन प्रभावित होने से आम लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।मेजा खास व्यापार मंडल ने उक्त दोनों समस्याओं के सम्पूर्ण समाधान के लिए प्रभारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में देकर मामले के निस्तारण करने की मांग की है।

### आधार कार्ड बनवाने में हो रही फजीहत, लोग परेशान

**करछना।** इन दिनों आधार कार्ड. बनवाने और सुधार कराने के लिए लोगों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है।करछना डाकघर के अलावा भीरपुर स्थित डाकखाना में आधार कार्ड. बनाया जा रहा है।जहां लोगों को कईबार चक्कर काटने पर बड़ी मुश्किल से आधार बन पा रहा है।कई लोगों के आधार कार्ड. में खामियां सुधरवाने के लिए भी आधार कार्ड.बनाने वालों के यहां जी हुजूरी करनी पड़ रही है,वही इसके लिए निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसे की उगाही भी की जा रही है। भीरपुर स्थित डाकघर में बन रहे आधार कार्ड में निर्धारित शुल्क के अलावा मनमाना पैसा वसूला जा रहा है जिसके चलते स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है।लोगों ने मांग की है कि तहसील क्षेत्र के सभी बैंकों में आधार कार्ड. बनवाने की प्रक्रिया शुरू की जाए जिससे लोग इस समस्या से निजात पा सके।

## 'जाको राखे सइंया, मार सके ना कोई' माता रानी ने बचाई पूरे परिवार की जान


हादसे में क्षतिग्रस्त कार का दृश्य

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र के बिसहिजन कला गांव के समीप ट्रक की टक्कर से स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकराई, बाल बाल बचा परिवार। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश कुमार पुत्र कमलेश्वर दुबे निवासी बलिया अपने परिवार के साथ विंध्याचल दर्शन करने के बाद इंदौर की ओर रवाना हुए। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के बिसहिजन कला गांव के समीप पहुंचे ही थे की पीछे से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दी।

जिसके कारण कार अनियंत्रित हो गयी, तभी सामने से आ रही दूसरी ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके कारण कार पलटते हुए पेड़ से जा टकराई। कार सवार अवधेश कुमार दुबे(38) पत्नी पूनम दुबे(34), बेटी अनुष्का (13)व बेटा आयुष(10) साथी (चालक) राहुल पटेल (35)को मामूली चोटे आयी। जहाँ ग्रामीणो की मदद से घायलो का इलाज कराया गया। गांव के नितेश तिवारी जो अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर उक्त लोगो की मदद करते हुए खाने पीने का इंतजाम कराया। इस भीषण दुर्घटना से लोगो मे तरह तरह की चर्चा बनी है। लोगो का कहना है कि जिस तरह से दुर्घटना हुई है। ऐसे परिस्थिति में किसी को नही बचना चाहिये। दुर्घटना से लोग काफी डरे व सहमे दिखे। दुर्घटना में बचे कार सवार विंध्यवासिनी माता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज उनकी कृपा से हमारा परिवार बाल-बाल बच गया।

## धान क्रय केंद्र को न्याय पंचायत स्तर पर करने की हुई मांग

### फूलपुर तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए 261 शिकायती पत्र

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी फूलपुर विवेक चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान 261 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष पत्र सम्बन्धित विभाग को हस्तांतरित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में किसानों की सुविधा के लिए भारतीय किसान मजदूर एकता के नेताओं ने धान क्रय केंद्र को न्याय पंचायत स्तर पर करने की मांग की। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी व पत्रकार महमूद अहमद के


फूलपुर तहसील में शिकायत सुनते उपजिलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी

पुत्र के खाते से विगत दिनों साइबर हैकिंग के माध्यम से ठगी का मुद्दा भी उठाया गया। मौके पर बीडीओ फूलपुर, आपूर्ति निरीक्षक फूलपुर सुनील सिंह, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग के अधिकारियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### मच्छरों से बचाव हेतु ग्रामीणों ने की दवा छिड़काव की मांग

**शंकरगढ़।** विकास खण्ड शंकरगढ के ग्राम सभाओं में मच्छरों के डंक से परेशान ग्रामीणो ने जिलाधिकारी प्रयागराज से दवा के छिड़काव की गुहार लगाई है। विकास खंड शंकरगढ़ व नारीबारी क्षेत्र के गांवों में हल्की ठंड के बावजूद मच्छरों का प्रकोप कम नहीं नहीं हो रहा है। ग्रामीण दिन हो या रात चैन की नींद रह नहीं पा रहे है। सायंकाल लोग घरो में धुंआ करके मच्छरों को भगाने का प्रयास करते है। बाजार में उपलब्ध मच्छरों के बचने के सभी संसाधन जैसे क्वाइल व अगरबत्ती सभी निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। पंखा व मच्छरदानी भी नाकाफी हैं। इन मच्छरों का प्रकोप इस प्रकार है कि प्रत्येक घर के सदस्य ज्यादातर बुखार से प्रभावित पड़े अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि हम इस उम्र में पहुंच गए पर इस तरह मच्छरों का प्रकोप कभी नही देखा। जो दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। इस ब्लाक का दक्षिणी भाग जो मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ इलाका भी है जहां मलेरिया, बुखार आदि मच्छर जनित रोगों का गढ़ बन चुका है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोदय का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए जल्द ही दवा से छिड़काव की मांग किया है।

## रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष ने आयुक्त प्रयागराज से की मुलाकात


रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर मण्डलायुक्त से मुलाकात करते जिलाध्यक्ष

**जसरा।** भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने जसरा रेलवे फाटक पर जाम में फंसने के कारण हुई प्रसूता की मौत को लेकर आयुक्त प्रयागराज से मिलकर पत्र देकर समस्या को बताते हुए जसरा फाटक पर ओवरब्रिज बनाने हेतु प्रशासनिक स्तर पर शासन को अवगत कराने के साथ तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सिपाहियों की मौजूदगी की बात कही।

**आयुक्त प्रयागराज ने वैकल्पिक ब्यवस्था न होने तक चार सिपाहियों को नियुक्त करने का दिया आश्वासन**

आयुक्त प्रयागराज ने विषय को संज्ञान में लेते हुए आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष के अलावा भाजपा नेता संतोष त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

### करछना तहसील में समाधान दिवस पर आई शिकायतों का निस्तारण रहा शून्य

**करछना।** मंगलवार को करछना मे आयोजित समाधान दिवस पर दूर दराज से आये फरियादियों ने शिकायते दर्ज कराई लेकिन आला अधिकारियो की मौजूदगी पर मौके पर एक भी निस्तारण नही हो सका जिससे फरियादियो मे समाधान दिवस की उपयोगिता का निराशा जनक समाधान दिवस रहा। अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी विनोद पाण्डेय की मौजूदगी मे राजस्व बिजली, पानी, चकमार्ग व गावो मे विवादित जमीनो से जुडे मामले फरियादियो ने समाधान दिवस के अवसर पर दर्ज तो करा दी थी लेकिन वही दर्जनो से अधिक उपस्थित सम्बधित विभाग के अधिकारी द्धारा किसी भी शिकायत का निस्तारण न होना फरियादियो मे मायूसी देखी गई।मौके पर 109 शिकायते दर्ज की गई जिसे एक सप्ताह के अदर निस्तारण करने को सम्बधित को सौप दी गई है। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित कई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोआश्रय स्थलों में ठंड से बचाव के इंतजाम नहीं, लापरवाही गोवंशों पर पड़ सकती है भारी

**प्रयागराज।** जिले के गोआश्रय स्थलों में अभी तक गोवंशों को ठंड से बचाव के इंतजाम नहीं किए जा सके हैं। जबकि सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। गांवों में तो रात और सुबह अच्छी खासी ठंड होने लगी है। ऐसे में गोआश्रय स्थलों में जरा सी लापरवाही गोवंशों पर भारी पड़ सकती है। जल्द ही इसकी व्यवस्था नहीं हो सकी तो दिक्कत हो सकती है। जिले में 138 गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इनमें दो आश्रय स्थल स्थायी बनाए गए हैं। एक स्थायी गोआश्रय स्थल कोरांव के लतीफपुर में है तो दूसरा मांडा में है। पिछले वर्ष बने दोनों स्थलों के निर्माण में लगभग दो करोड़ 40 लाख रुपये खर्च हुए थे। दोनों में लगभग एक हजार गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इनके अलावा सभी गोवंश आश्रय स्थल अस्थायी तौर पर संचालित हैं। हाल ही में गंगापार क्षेत्र में भी दो स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन गोवंश आश्रय स्थलों में अभी ठंड से बचाव के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। गांवों में सर्दी का सितम शुरू हो चुका है। जल्द ही इसकी व्यवस्था नहीं हुई तो गोवंशों पर यह बदइंतजामी भारी पड़ सकती है।

## सोशल आडिट के दौरान मनरेगा कार्यों में मिल रही खामियां

**फूलपुर।** शासन के निर्देश पर फूलपुर विकास खण्ड के गांवों में समवर्ती सोशल आडिट की जा रही है। मंगलवार को लतीफपुर, लिलहट, वीरभानपुर, विगहिया, शाहापुर, जोगियाशेषपुर, सराय अब्दुल मलिक, सरायहुसैना, सलमापुर, मैलवन, रुदापुर, रैनी, राजेपुर, वीरकाजी, सेफखानपुर, सरवाड़ीह, अजीजपुर सहित अन्य गांवों में सोशल आडिट टीम द्वारा मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की गई। सोशल आडिट टीम के सदस्यों ने बताया कि जांच में आंशिक रूप से कमियां पाई गई है जिसे उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा कार्यों में महिलाओं की सहभागिता कम है।


मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सोशल आडिट टीम के सदस्य

आडिट टीम के सदस्य जंगबहादुर पटेल ने बताया कि सोशल आडिट से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बनी रहती है। ब्लाक को आर्डिनेटर संगीता पाल ने बताया कि गांव में मनरेगा कार्यों की आडिट में मिली खामियों का स्पष्टीकरण सम्बन्धित कर्मचारी से मांगा जाएगा।

## प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलों एवं फिट इण्डिया के माध्यम से तैयार कर रही है खिलाड़ियों की नर्सरी

**प्रयागराज।** किसी भी देश के निर्माण और विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवा देश के चतुर्दिक विकास में अपना संरचनात्मक योगदान देते हैं। देश की वाह्य एवं आन्तरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रगति, राजनैतिक एवं सामाजिक सुरक्षा व विकास जैसे अनेकों कार्य युवाओं के कन्धों पर ही होता है। हमारे देश में युवाओं की बहुत बड़ी जनसंख्या है। इन युवाओं के रचनात्मक कार्यों से देश की प्रगति में अहम भूमिका रही है। भारत सरकार युवाओं के विकास के लिए शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, खेल सहित आर्थिक एवं देशहित के लिए किये जाने वाले कार्यों, रोजगार आदि के लिए अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम चला रही है, जिसका लाभ लेते हुए युवा आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित कराकर उद्यम स्थापित कराने पर विशेष बल दिया है। युवाओंध्युवतियों के लिए हर स्तर पर रोजगार से लगाने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही है। युवाओं को फिट और चुस्त-दुरूस्त रहने के लिए भारत सरकार खेलों के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम खेलो इण्डिया कार्यक्रम चलाया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश सरकार ने प्रदेश के ग्राम, ब्लाक स्तर पर खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया योजनान्तर्गत खेल अवस्थापनाओं का सृजन कर युवकों को फिट और सशक्त बना रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में युवाओं के लिए खेल मैदानध्स्टेडियम बनाने पर जोर दिया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में 20 स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण युवाओं को खेल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में 81 ग्रामीण स्टेडियमों की स्थापना की जा चुकी है, जहां युवा खेलों में अपना विकास कर रहे हैं। गांवों में खेल स्टेडियम्स की स्थापना से ग्रामीण स्तर की खेल प्रतिभाओं में निखार आयेगा और यही ग्रामीण खिलाड़ी खेलों में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## संक्षेप समाचार

### परिजनों को पीटा पुलिस से लगाई गुहार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी की रहने वाली पूजा शर्मा पत्नी स्वर्गीय रंजीत कुमार शर्मा का आरोप है कि उसके परिजन मकान पर जबरन कब्जा करने की नियत से आए दिन विवाद करते हैं। सोमवार शाम को एक बार फिर विवाद करते हुए उसे और उसके बच्चों की जमकर पिटाई कर दी गई। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नैनी कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### आधार कार्ड बनवाने में हो रही फजीहत,लोग परेशान

**करछना।** इन दिनों आधार कार्ड.बनवाने और सुधार कराने के लिए लोगों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है।करछना डाकघर के अलावा भीरपुर स्थित डाकखाना में आधार कार्ड.बनाया जा रहा है।जहां लोगों को कईबार चक्कर काटने पर बड़ी मुश्किल से आधार बन पा रहा है।कई लोगों के आधार कार्ड.में खामियां सुधरवाने के लिए भी आधार कार्ड.बनाने वालों के यहां जी हुजूरी करनी पड़ रही है,वही इसके लिए निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसे की उगाही भी की जा रही है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की गई जान, मचा कोहराम

**भगवतीपुर-आनापुर गांव की है घटना, परिजन का रो-रोकर रहा बुरा हाल**

**नवाबगंज।** मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार के ट्रैक्टर ने तीन वर्षीय मासूम बालक की रौंद दिया। जिससे बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मासूम की मौत पर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद ग्रामीणों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस वाहन को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना नवाबगंज इलाके मोहरब मजरा घना राम का पुरा गांव की है।

थाना नवाबगंज इलाके के मोहरब मजरा घनाराम का पुरवा निवासी सुभाष सरोज का तीन वर्षीय मासूब बालक आर्यन सरोज तीन भाईयों में सबसे छोंटा था। बताया जाता है कि भगवतीपुर से आनापुर की तरफ आ रहा तेज रफ्तार के टैज्क्टर ने अपना संतुलन खो दिया। जिसकी चपेट में आकर आर्यन सरोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना देख ग्रामीणों का मजमा लग गया। वहीं तीन वर्षीय बालक की मौत को लेकर परिजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची नवाबगंज की पुलिस वाहन को अपनी हिरासत में लेते हुए कार्रवाई करने में जुट गई है। जबकि पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि घटना के बाद ग्रामीणों संग परिजन की रूह कांप उठी।



घटना के बाद गमजदा परिजन

### भाजपाइयों ने कमिश्नर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**शंकरगढ़।** यमुनापार के जसरा रेलवे फाटक पर लगे जाम की वजह से हुई प्रसूता की मौत को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं ने मंडलायुक्त से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारतीय की अगुवाई में मिले भाजपाइयों ने मंडलायुक्त से उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए जसरा रेलवे फाटक पर अस्थाई व्यवस्था के लिए सिपाहियों और होमगार्डों की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है। मंडलायुक्त को प्रेषित ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश सरकार जच्चा-बच्चा की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठा रही है। ऐसे में महज जाम की वजह से प्रसूता की मौत होना प्रशासनिक सिस्टम की घोर लापरवाही उजागर करता है। बताया कि प्रसूता को लेकर परिजन सीएचसी जसरा जा रहे थे, लेकिन रेलवे क्रासिंग पर लगे जाम में उनकी एंबुलेंस फंस गई और एंबुलेंस में ही प्रसूता की मौत हो गई। इसलिए वहां पर ओवरब्रिज का निर्माण होने तक रेलवे फाटक पर अस्थाई तौर पर सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि फिर से इस तरह कीघटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के साथ भाजपा नेता संतोष त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के लग्जरी गाड़ियों की तलाश करने में जुटी पुलिस

**अतीक के सहयोगियों के भी खंगाले जा रहे बैंक खाते**

**प्रयागराज।** बाहुबली सांसद व माफिया अतीक अहमद के लग्जरी गाड़ियों की पुलिस तलाश कर रही है। गाड़ी मिलने के बाद उसको सीज कर दिया जाएगा। इसको लेकर पुलिस अतीक के करीबियों की तलाश कर रही है जहां वह गाड़ी छुपाई गई है। इसके अलावा पुलिस अतीक के सहयोगियों का भी बैंक खाता खंगाल रही है। लगभग 78 ऐसे लोगों को चिह्नित किया गया है, जो अतीक के मददगार हैं। इससे करीबियों में खलबली है। गुर्गो के मकान व जमीन के कागजात की छानबीन भी संबंधित विभाग की मदद से की जा रही है। अब तक की तफ्तीश में पता चला है कि अतीक की पत्नी, बेटे के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर अलग-अलग बैंक में खाते खुले हैं। माफिया के बेहद खास और शूटर जुल्फिकार अली उर्फ तोता, मो. तालिब उर्फ एसपी सिटी, साढू इमरान जई, मरियाडीह गाव का पूर्व प्रधान आबिद के अलावा कौशांबी में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, जो माफिया के गैरकानूनी काम में मदद करते हैं।

**झूंसी की दो संपत्ति होगी कुर्क**

अतीक की दो अचल संपत्तियां झूंसी थाना क्षेत्र में है। उसे भी गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क करने के लिए जिलाधिकारी से संस्तुति की गई है। कैंट पुलिस का कहना है कि आदेश मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी का कहना है कि 'अतीक समेत जितने भी गैंगस्टर हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। संपत्ति और बैंक खातों के बारे में पुलिस टीम जानकारी जुटा रही है।'

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे 78 लोगों की पहचान की जा चुकी है। आधार कार्ड, पैन कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर उनके बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि किसके खाते में कितने रुपये जमा हैं और आय का स्त्रोत क्या है। छानबीन पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी, ताकि सभी के बैंक खाते गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज कराए जा सकें। अपराध के जरिए करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्तियां अर्जित करने वाले अतीक के गुर्गो के बारे में जाच की जा रही है।

# लोक सेवा आयोग : संभागीय निरीक्षक के 28 पदों के लिए आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से संभागीय निरीक्षक प्राविधिक परीक्षा 2020 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। 28 पदों के लिए होने वाली इस भर्ती की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 नवम्बर से शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि 26 नवम्बर है। ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाने की अन्तिम तिथि 3 दिसम्बर 2020 आयोग की ओर से निर्धारित की गई है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिए लिखित एवं प्रैक्टिकल परीक्षा से होकर गुजरना होगा। लिखित परीक्षा की तिथि आयोग की ओर से अभी घोषित नहीं की गई है। इस अभ्यर्थी के लिए अभ्यर्थी की आयु 21 साल से 40 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके अलावा उम्र में नियमों के अनुसार छूट मिलेगी।

संभागीय निरीक्षक परीक्षा में शामिल होने के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा तीन वर्षीय या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा जो स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा प्रदान किया गया हो। प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव, ऐसा ड्राइविंग लाइसेंस धारक होना आवश्यक है जो मोटरसाइकिल, भारी गाड़ियों और भारी यात्री मोटर गाड़ियों को चलाने के लिए प्राधिकृत हो एवं देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी भाषा सम्यक ज्ञान हो।

### नवाबगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत मामले के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवाबगंज।** मंगलवार को पुलिस हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नवाबगंज निंदूरा गांव निवासी मो0 अतहर पुत्र विक्कू हाजी उर्फ अहमद हत्या के प्रयास में पुलिस फरार की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियुक्त को नवाबगंज एसआई विवेक कुमार, कां0 ओम प्रकाश सिंह एवं कां0 विकास कुमार ने नोइंट्री के पास से दोपहर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# करवा चौथ आज, जमकर हुई खरीदारी

**प्रयागराज।** करवा चौथ का त्यौहार आज है अपने पति के दीघार्यु एक कामना के लिए तथा हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करने के लिए पत्नियां करवा चौथ की व्रत रहती हैं। करवा चौथ व्रत पर खरीदारी करने के लिए शहर भर में सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। बाजार में रौनक बढ़ गई है। हालांकि कोरोना काल की वजह से महिलाएं चेहरे पर मास्क लगाकर खरीदारी करती रही। वहीं कुछ जगहों पर बिना मास्क के ही खरीदारी की। ब्यूटी पार्लर मैं भी भीड़ भाड़ दिखी वहीं सिविल लाइंस इलाके में मेहंदी लगवाने का उत्साह अधिकांश महिलाओं, युवतियों के चेहरे पर साफ दिख रहा था '

मंगलवार को कटरा, सिविल लाइंस, खुल्दाबाद, चौक बाजार, कोठापारचा, मीरापुर, सुलेमसरांय, अल्लापुर व अलोपी-दारागंज की बाजार खरीदारों से गुलजार रहे। नए लुक की साड़िया महिलाओं को खूब पसंद आ रही हैं। ज्वेलरी बाजार की भी चमक बढ़ गई है। कटरा के साड़ी विक्रेता सुरेश कुमार ने बताया कि कोरोना की वजह से व्यापार ठप पड़ा था। लेकिन, करवाचौथ के चलते बाजारों में रौनक लौट आई है। चौक के बरांडा स्थित श्रृंगार सामग्री के दुकानदार शमशाद अली ने बताया कि चूड़ी, बिंदी, डिजाइनर कंगन, नेलपालिश, लिपिस्टिक आदि की बिक्री बढ़ गई है। मंगलवार की शाम महिलाओं में डिजाइनर मेहंदी लगवाने की उत्सुकता नजर आई। दुकानदारों ने भी एलबम की व्यवस्था की है। एलबम में करीब 500-600 डिजाइन हैं। शहर के विभिन्न बाजारों में 100 रुपये 2000 रुपये तक दाम लेकर मेहंदी लगाई जा रही है। पूजन सामग्री की दुकान से लेकर फुटपाथ तक पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ रही। पूजा की थाली में छलनी, मिट्टी का टोंटीदार करवा और ढक्कन, दीपक, फूल, फल, सिंदूर, मेवे, रुई की बत्ती, कासे की तीलिया, कलावा, मिठाई, ताबे या फिर स्टील का लोटा आदि रखना चाहिए। इसके अलावा करवा चौथ कथा की पुस्तक होनी चाहिए।



खरीदारी करती महिलाएं

# उमरे महाप्रबंधक ने उमरे पर संरक्षा 160 कि.मी प्रति घण्टा तक की गति बढ़ाने के कार्य, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की

**नवंबर 2020 में लोडिंग में सुधार के लिए नई ट्रैफि क स्ट्रीम को प्राप्त करने पर बल**

**प्रयागराज।** मंगलवार को, महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, झांसी और आगरा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, 160 कि.मी प्रति घण्टा तक गति बढ़ाने के कार्य, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने अक्टूबर 2020 में माल लदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और महत्वपूर्ण आधाभूतसंरचना कार्यों को पूरा करने के लिए मण्डलों और मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। महाप्रबंधक ने कोविड -19 के खिलाफ उच्च स्तर की सावधानियां जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि कोविड के मामलों में किसी भी प्रकार से वृद्धि की संभावना को खत्म किया जा सके। संरक्षा की समीक्षा करते हुये, शंटिंग ऑपरेशन और वैगनों से कंसाइनमेंट उतारने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक श्री चौधरी ने निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिये तथा मण्डलों को साइडिंगों में ट्रैक और अन्य आधारभूत संरचना की स्थिति की जांच कर कमियों की पहचान करने और ऐसे कमियों को तत्काल सुधारने के लिए एक अभियान शुरू करने की सलाह दी। संरक्षा संस्कृति को विकसित करने और संरक्षा के प्रति कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए, चालू वित्त वर्ष में अब तक उत्तर मध्य रेलवे पर 06 संरक्षा अभियान चलाए गए हैं। इन अभियानों के अंतर्गत रेल पटरियों पर ट्रेसपासिंग की रोकथाम; स्टेशनों और खण्डो में रोलिंग स्टॉकों की उचित स्टेबलिंग; ट्रैक के निकट के कार्य स्थलों पर संरक्षा सम्बंधी सावधानियां; प्वाइंटों और क्रॉसिंगों का उचित रखरखाव; वैगन के लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान सावधानी और आग के खतरों की रोकथाम के लिए कंटेनर ट्रेनों के डीजी सेट की वृहद जांच सम्मिलित है।

बैठक में नई दिल्ली-मुंबई खण्ड और कानपुर-लखनऊ खण्ड सहित नई दिल्ली-हावड़ा खण्ड पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के कार्यों की भी समीक्षा की गई। नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई मार्गों पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे के संचालन के लिए ट्रैक, सिग्नलिंग, ओएचई आदि के उन्नयन के कार्यों के लिए संबंधित एजेंसियों द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इस कार्य की समीक्षा करते हुये , महाप्रबंधक श्री चौधरी ने संबंधित विभागों को महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रगति के मूल्यांकन के लिए निविदाओं में उचित चेकलिस्ट शामिल करने के निर्देश दिये और प्रमुख विभागाध्यक्षों को गति वृद्धि के इस महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन में आवश्यक सामग्रियों की सुचारू आपूर्ति की निगरानी के दृष्टिगत एक प्रणाली स्थापित करने की सलाह दी।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में उत्तर मध्य रेलवे के माल लदान प्रदर्शन की समीक्षा भी की गई। अक्टूबर 2020 में रिकॉर्ड लोडिंग प्रदर्शन दर्ज करने के बाद, उत्तर मध्य रेलवे ने 2020-21 के शेष महीनों में इस वृद्धी के क्रम को जारी रखने के लिए नई ट्रैफिक स्ट्रीम्स को शामिल करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पहले से ही प्राप्त नई ट्रैफिक स्ट्रीम्स के अतिरिक्त , उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माल लदान के नये अवसरों की पहचान के रूप में झाँसी मण्डल से फ्लाई-ऐश लोडिंग, झाँसी मण्डल के कबरई से डीएफसी के कार्य के लिए पत्थर / बैलास्ट लोडिंग, मुरैना से खाद्य तेल की लोडिंग, प्रयागराज मण्डल के हिंद टर्मिनल से कंटेनर यातायात, अल्ट्रा टेक सीमेंट के बारा प्लांट से सीमेंट लोडिंग आदि शामिल हैं। महाप्रबंधक श्री राजीव चौधरी ने कहा कि नए और अतिरिक्त यातायात को प्राप्त करने में स्टेशन से स्टेशन (एसटीएस) रियायती दर समझौते ने उत्कृष्ट योगदान दिया है और उन्होने एसटीएस प्रस्तावों को अंतिम रूप देने में तेजी लाने पर बल दिया। उत्तर मध्य रेलवे एसटीएस रियायती दरों को लागू करने के मामले में अग्रणी रेलवे है और अब 08 एसटीएस दरों को अंतिम रूप दिया गया है एवं 05 और एसटीएस प्रस्तावों पर काम चल रहा है।उत्तर मध्य रेलवे ने अक्टूबर 2020 तक, स्टेशन से स्टेशन (STS) समझौतों के तहत निर्धारित ओरिजिनेटिंग एवं गंतव्य स्टेशनों से निर्दिष्ट वस्तु के 37 रेक लोड किए है और 18.30 करोड़ रुपये की मालभाड़ा आय अर्जित की है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।


**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय को जल्द नियमित वीसी मिलने की उम्मीद

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय को दस माह से कार्यवाहक कुलपति ही चला रहे हैं। इस अवधि में तीन वरिष्ठ प्रोफेसरों ने कुलपति की जिम्मेदारी निभाई है। नियमित कुलपति जल्द मिलने की उम्मीद है। नियमित कुलपति की नियुक्ति के लिए कवायद तेज हो गई है। इविवि के विजिटर यानी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नए कुलपति के नाम पर जल्द मुहर लगा सकते हैं।

दरअसल, इविवि के पूर्व कुलपति प्रोफेसर रतन लाल हांगलू ने 31 दिसंबर 2019 को पद से इस्तीफा दे दिया था। एक जनवरी 2020 को प्रो. केएस मिश्र ने बतौर कार्यवाहक कुलपति इविवि की कमान संभाली। 14 जनवरी की देर शाम प्रो. पीके साहू फिर 15 जनवरी को प्रो. आरआर तिवारी को यह दायित्व सौंपा गया। इसके बाद मंत्रालय ने विज्ञापन जारी कर स्थायी कुलपति के लिए आवेदन मागे। नियत तिथि 21 फरवरी तक देशभर से 413 शिक्षाविदों ने आवेदन किए। स्क्रीनिंग के बाद 15 शिक्षकों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। 21 से 25 अगस्त तक चलने वाली साक्षात्कार की प्रक्रिया में इविवि से जुड़े पांच शिक्षक भी शामिल हैं। इंटरव्यू के बाद पैनल ने पांच नामों को मंत्रालय को भेज दिया था। इनमें से तीन नाम इविवि से जुड़े हैं।



**बीकॉम में 235 छात्रों ने लिया प्रवेश**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के नए सत्र में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आगाज शुक्रवार यानी 30 अक्तूबर से हो गया है। सोमवार को 235 छात्र-छात्राओं ने फीस जमा कर दिया है। प्रवेश प्रकोष्ठ के डॉ. शैलेंद्र राय ने बताया कि 235 विद्यार्थियों ने बीकॉम में प्रवेश ले लिया है। वहीं, अब तक 514 छात्रों ने वेबसाइट पर शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के लिए अपलोड कर दिया है। इसके साथ ही बीकॉम में दाखिले के लिए 560 ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर दिया है। ज्ञात हो कि सोमवार को को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सीट आवंटन किया गया। तीन नवंबर की शाम पांच बजे तक फीस जमा करना होगा। दो नवंबर को ओबीसी वर्ग में 174 व उससे अधिक और ईडब्ल्यूएस में 176 व उससे अधिक अंक पाने वालों की काउंसिलिंग होगी।

# गंगा मैराथन आज, काफी संख्या में भाग लेंगे प्रतिभागी

**प्रयागराज।** सभी गंगा जनपदों में आज 'गंगा दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है 'गंगा दिवस का उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढाना है। अभियान का अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य सामाजिक रूप से प्रासंगिक कारणों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराना और गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। आज यानी बुधवार को गंगा दिवस के दौरान गंगा मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मैराथन प्रातः 7.00 बजे से अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स (म्योहाल) प्रयागराज से प्रारम्भ होकर सड़क मार्ग से घोबीघाट चौराहा, हीरा हलवाई चौराहा, साई मंदिर होते हुए इन्दिरा गाँधी चौराहे तक जायेगी और पुनः उसी मार्ग से होते हुए वापस अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स प्रयागराज पर वापस आकर समाप्त होगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति के तत्वाधान में क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रयागराज के सहयोग से अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स (म्योहाल) प्रयागराज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मैराथन भली भांति सम्पन्न हो, इस कार्यालय हेतु वन विभाग के कर्मचारी, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रयागराज. द्वारा नामित वालंटियर्स, गंगा सेवकों, सिविल डिफेन्स एवं नेहरू युवा केन्द्र का सहयोग लिया जायेगा तथा इन्हें वालंटियर्स के रूप में रास्ते में स्थान-स्थान पर तैनात रहेंगे ' मार्ग में दो एम्बुलेन्स धावकों के देखरेख के लिए लगाये जायेगे तथा उक्त मार्ग की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

# इस करवा चौथ बन रहे हैं कई योग, सुहागिनों को मिलेगा अखण्ड सौभाग्य

**दीपक पांडेय**

**लालापुर।** सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व करवा चौथ बस एक दिन बाद मनाया जाएगा। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए निराजल व्रत रहती हैं। इस बार का महापर्व करवाचौथ कई अच्छे संयोग लेकर आ रहा है। इस बार करवा चौथ पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ-साथ शिवयोग, बुधादित्य योग, सप्तकीर्ति, महादीघार्यु और सौख्य योग भी बन रहे हैं। शास्त्रों में इन योगों के महत्व में विस्तृत जानकारियां दी गई हैं। ये सभी योग बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और इनसे इस करवा चौथ की महत्ता और भी बढ़ जाती है।

खास तौर पर सुहागिनों के लिए यह करवा चौथ अखंड सौभाग्य देने वाला होगा। इस बार करवा चौथ कथा और पूजन का शुभ मुहूर्त 5:34 बजे से शाम 6:52 बजे तक है।



**करवा चौथ पर बन रहे हैं यह योग**

- करवा चौथ पर बुध के साथ सूर्य ग्रह भी विद्यमान होंगे, जो बुधादित्य योग बना रहे हैं।
- इस दिन शिवयोग के साथ ही सर्वार्थसिद्धि, सप्तकीर्ति, महादीघार्यु और सौख्य योग
- चार नवंबर को प्रातः 3:24 बजे से कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि सर्वार्थ सिद्धि योग एवं मृगशिरा नक्षत्र में।
- चतुर्थी तिथि का समापन 5 नवंबर को प्रातः 5:14 बजे होगा।
- 4 नवंबर को शाम 5:34 बजे से शाम 6:52 बजे तक करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त है।

करवा चौथ के दिन मां पार्वती, भगवान शिव कार्तिकेय एवं गणेश सहित शिव परिवार की पूजा-अर्चना की जाती है। मां पार्वती से सुहागिनें अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इस दिन करवे में जल भरकर कथा सुनी जाती है। महिलाएं सुबह सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलती हैं।

**ऐसे करें पूजा**

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करक चतुर्थी व्रत करने का विधान है। केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, इस व्रत को कर सकती है।करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। पति की माता अर्थात अपनी सास को उपरोक्त रूप से अर्पित एक लोटा, वस्त्र व विशेष करवा भेंटकर आशीर्वाद लें। यदि वे जीवित न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज बुधवार, 4 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### समाधान दिवस मे एक सौ छियालिस शिकायतें, एक का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** तहसील समाधान दिवस मे कुल एक सौ छियालिस शिकातयें आयीं। इनमे से अफसरो ने एक का निस्तारण किया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की छियालिस तथा पुलिस की पन्द्रह व विकास की नौ एवं अन्य विभागो से जुडी छिहत्तर शिकायतें रही। समाधान दिवस मे प्रभारी निरीक्षक लालगंज, सांगीपुर व उदयपुर तथा सीडीपीओ लक्ष्मणपुर, रामपुर संग्रामगढ़ एवं सांगीपुर व सहायक अभियंता सिंचाई की गैरहाजिरी पर एसडीएम राम नारायण ने तहसीलदार को इनके स्पष्टीकरण लिये जाने के आदेश दिये। वहीं एसडीएम ने समाधान दिवस मे शिकायतों के निस्तारण मे लापरवाही पर भी मातहतो की जमकर पेंच कसी। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुडी दिखी। सीओ जगमोहन ने पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई की। इस मौके पर नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा, बीडीओ लक्ष्मणपुर डा. अंजूरानी वर्मा, लालगंज बीडीओ मुनौवर खां, सीडीपीओ अनुपम मिश्रा, ईओ सुभाषचंद्र सिंह, बीडीओ रामपुर संग्रामगढ दिनेश कुमार, बीईओ रिजवान अहमद आदि ने विभागीय समस्याओं की सुनवाई की।

### पुनरीक्षण मे लापरवाही पर आठ लेखपालो का रूका वेतन, हडकंप

**प्रतापगढ़।** खतौनी पुनरीक्षण के कार्य मे लापरवाही को लेकर एसडीएम ने आठ ग्राम पंचायतो के लेखपालो का वेतन रोकने का आदेश दिया है। एसडीएम के आदेश को लेकर मंगलवार को तहसील मे हडकंप मचा रहा। शासन द्वारा वर्ष 2021 मे तहसील के छप्पन ग्रामों मे खतौनी पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। समीक्षा मे तहसील के आठ लेखपाल अंश निर्धारण मे लापरवाह पाये गये। कनवर्जन कार्य मे लेखपालों की लापरवाही को लेकर एसडीएम ने तहसील मे तैनात खालसा सादात के लेखपाल सूर्यप्रकाश मिश्र, देवराज शुक्ला डोमीपुर, दिनेश उपाध्याय डीहमेंहदी, अमर सिंह पूरे टोडर, रामबिहारी मिश्र सांगीपुर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह नरवल व रामअनुराग कैरा तथा पूरे बंशी के लेखपाल का वेतन रोकने का आदेश पारित किया है। आदेश से तहसील परिसर मे हडकंप मचा हुआ दिखा।

## सड़क हादसा तीन लोगों की मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बॉर्डर पर एक अनियन्त्रित ट्रक ने तीन व्यक्तियों को रौंद दिया है जिस पर तीनों लोगो की मौके पर ही मौत हो गयी सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों समेत पुलिस पहुंच गई है मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद घटनास्थल में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार अमाव से कनवार बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क निर्माण चल रहा है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रास्ते को वनवे कर दिया है फतेहपुर से प्रयागराज की ओर जाने वाले साधन ट्रक बस को बॉर्डर पर मुड़ने में नियंत्रण खोने का खतरा बना था आज वही हो गया आज शाम लगभग 3 बजे वही हुआ एक ट्रक अनियंत्रित होकर बॉर्डर पर सड़क किनारे बैठे धर्मपाल उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र जियालाल मूल निवास ग्राम सभा केन थाना सैनी हरिश्चन्द्र उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र दीन दयाल उर्फ भूली और एक अज्ञात साइकिल सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई है साइकिल सवार जो करवा पूजा का सामान लेकर कहीं जा रहा था उसकी पहचान नही हो सकी है।



हादसे के बाद घटना स्थल पर जुटी भीड़।

घटना क्रम के मुताबिक धर्म पाल और हरिश्चन्द्र बॉर्डर पर ही मकान बनाकर रहते थे घटना स्थल से कुछ ही फासले पर धर्मपाल का परिवार अपने घर मे था दुर्घटना देखकर पूरे घर मे कोहराम मच गया थोड़ी दूर पर हरिश्चन्द्र का भी घर था ग्रमीणों ने बताया कि धर्मपाल के 3 लड़का और 5 लड़कियां है जिनमे 3 लड़कियों की शादी हो गयी बड़ा लड़का बउवा 17 वर्ष का है वही हरिश्चन्द्र के 3 पुत्री और एक पुत्र है ये दोनों मूलतः केन ग्राम सभा के निवासी थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे बड़ा बदकिस्मत तो साइकिल सवार था साइकिल में टक्कर पड़ने के बाद घिसट रहा था और मौत के आगोश में वह चला गया वहीं ट्रक सहित ड्राइवर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है हादसे में तीनों मृतकों के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिव्यांग मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

**चरवा कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत पिपरी गांव के एक मजदूर ने घर के अंदर गमछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली मृतक की पत्नी भी दिव्यांग है बताया जा रहा है कि दिव्यांग ने आर्थिक तंगी के कारण आत्मघाती कदम उठाया है दिव्यांग की मौत के बाद उसके बेटे ने पुलिस प्रार्थना पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की गुहार लगाई इस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक टिकरी गांव का रुखसार (45) दिव्यांग था उसकी पत्नी भी दिव्यांग है दोनों मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे सोमवार सुबह रुखसार के बेटे रफीक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात को उसके पिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली खुदकुशी का कारण वह नहीं बता सका रफीक ने पुलिस से कहा कि वह शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को घरवालों के हवाले कर दिया है।

### चाची भतीजे सड़क हादसे में घायल

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास बाइक सवार को डंपर ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार एक युवक और एक महिला घायल हो गए हैं घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल कड़ा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं घटना मंगलवार को सुबह 10:00 बजे की है। कड़ा कोतवाली क्षेत्र के लोकरी पुर गांव निवासी सर्वेश कुमार मौर्य अपनी चाची मालती देवी निवासी मीरापुर बाइक से जिला अस्पताल इलाज कराने आ रहा था जैसे ही बाइक चालक सर्वेश मौर्य मंझनपुर कोतवाली के पतौना पुल के पास पहुंचा था कि तेज गति डंपर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे चाची और भतीजा सड़क पर गिर पड़े। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साइकिल सवार को बाइक ने मारी टक्कर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बॉर्डर और कुंजी पुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित मोटर साइकिल सवार ने राजाराम पाल उम्र लग्नहग 50 वर्ष निवासी जोरावर पुर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे राजाराम गभीर घायल हो गया मौके पर चौकी प्रभारी अजहर जमाल पहुंचकर घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया और मोटर साइकिल को अपने कब्जे में पुलिस चौकी अझुवा में रखवाया।

## मूरतगंज बाजार में विद्युत विभाग की बड़ी कार्यवाही

**सघन जांच अभियान में अधिशासी अभियंता के साथ कई उपखंड अधिकारी और कई अवर अभियंता भी मौजूद रहे**

**भरवारी कौशांबी।** विद्युत विभाग चायल के उपखंड अधिकारी ने मूरतगंज बाजार में विभागीय टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की जांच के दौरान बड़े पैमाने पर विभिन्न तरीके से विद्युत चोरी करते हुए विद्युत विभाग की टीम ने पाया है इस दौरान विद्युत अधिकारियों ने उपभोक्ताओं पर बड़ी कार्यवाही कर दी है जिससे पूरे कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है। विद्युत मीटर से पहले विद्युत तार को काटकर विद्युत उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को पाए जाने वाले 8 उपभोक्ताओं पर कार्यवाही की गई है वहीं घरेलू विद्युत कनेक्शन लेकर व्यवसायिक उपयोग करने वाले 30 उपभोक्ताओं पर विभाग ने कार्रवाई की है कई महीने से विद्युत बिल बकाया रहने पर 17 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं। जांच के दौरान 712 विद्युत उपभोक्ता ऐसे पाए गए हैं जिनके विद्युत मीटर घर के अंदर लगे थे उनके विद्युत मीटर को विभाग के अधिकारियों ने घर के बाहर लगवा दिए हैं 14 उपभोक्ताओं के घरों में विद्युत मीटर नहीं लगे थे जिनके घरों में आज विद्युत मीटर लगाए गए हैं और 7 उपभोक्ताओं के घरों में भार से अधिक विद्युत क्षमता उपयोग करते टीम ने पाया है जिस पर 7 उपभोक्ताओं के विद्युत भार विभाग ने बढ़ा दिया है सघन जांच अभियान में अधिशासी अभियंता के साथ कई उपखंड अधिकारी और कई अवर अभियंता भी मौजूद रहे।

### कुत्ते के हमले से बालक घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बभनपुरा नारा गांव के एक 6 वर्षीय बालक मुन्ना पुत्र मनोज कुमार गांव में खेल रहा था तभी एक कुत्ते ने बालक पर हमला कर दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया है इलाज के लिए बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



पुलिस लाइन में कर्मियों को ट्रेनिंग देते यातायात निरीक्षक

### यातायात के जरिए दुर्घटना कम करने की दी ट्रेनिंग

**कौशाम्बी।** पुलिस लाइन में सोमवार को यातायात के कार्य में लगे कर्मियों को यातायात निरीक्षक रवींद्र त्रिपाठी द्वारा ट्रेनिंग दी गयी जिसमे सभी पीआरडी जवान होमगार्ड के जवान कांस्टेबल हेड कांस्टेबल उपनिरीक्षक यातायात व यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे। यातायात माह में पुलिस कर्मियों को दिए जा रहे यातायात के ट्रेनिंग में उन्हें जनता से मधुर व्यवहार बनाने ड्यूटी के प्रति सजग रहने और अच्छी वर्दी धारण करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस जनों को यातायात नियमो की जानकारी दी गई रोड में किस तरह से यातायात संचालन को सुचारु रखा जाएगा इस बात की जानकारी ट्रेनिंग के जरिए आज दी गई है सड़क दुर्घटना कैसे रूके दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इसको लेकर ट्रेनिंग के माध्यम से पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है कि वह अब वह आम जनता को नियमों से जागरूक करें जिससे यातायात दुर्घटना में कमी लाई जा सके।

## शिकायतों का समय से हो निस्तारण : डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस-सिराथू**

**कुल 179 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज कराये गये जिसमें 06 शिकायतों को मौके पर ही किया गया निस्तारित**

**कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी श्री अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सिराथू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने शोसल डिस्टेसिंग का पालन करने, मास्क लगाने एवं भीड़ एकत्रित न होने देने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक है, उन्होने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर दिए जाने पर शिकायतकर्ता को बार-बार उसी शिकायत के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 179 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज कराये गये जिनमे से 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों का



समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं का समाधान करते जिलाधिकारी व अन्य।

मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि आज ही अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए उनकों निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी प्रहलाद नारायण पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम गौसपुर का पीएम सम्मान निधि का आवेदन फार्म तहसील सिराथू न भेजकर तहसील मंझनपुर भेज दिया गया है जिससे प्रार्थी को इसका लाभ न प्राप्त होने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सिराथू एवं उपजिलाधिकारी मंझनपुर को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसी तरह से प्रार्थी मुन्ना सिंह पुत्र शिवमोहन सिंह निवासी ग्राम अटसरांय का निवासी है। प्रार्थी के घर के दरवाजे पर गांव के ही ओमप्रकाश पुत्र भैरो प्रसाद के द्वारा चरही बनाकर दरवाजे को बंद करने तथा जानवर आदि बांधने एवं मना करने पर गाली गालौज करना व मारपीट करने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने एसएचओ सैनी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी बैजनाथ पुत्र वंशीलाल निवासी ग्राम देवखरपुर की भूमिधरी पर गांव के ही दबंग व्यक्ति राजेश पुत्र जगदीश के द्वारा जबरन मकान का निर्माण कराये जाने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सिराथू को जांच कराकर न्यायसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसी तरह से शकील अहमद समाजसेवी पुत्र अहमद हसन निवासी ग्राम नादेमई के द्वारा शिकायत की गयी कि गांव में बन रहे सार्वजनिक शौचालय के पास बरसात के मौसम में लगभग 03 फिट जल भराव हो जाता है जिससे बरसात के दिनों में ग्रामवासी उसका उपयोग नहीं कर पायेंगे, जिलाधिकारी ने तहसीलदार सिराथू को गठित टीम द्वारा जांच कराकर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में स्वास्थ्य विभाग, दिब्यांगजन कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन, मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ0 पीएन चतुवेर्दी, उप जिलाधिकारी सिराथू श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार सिराथू सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्री अमित कुमार सिंह ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ-सफाई न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सफाई कराये जाने एवं फील्ड में जगी घास को भी कटवाये का निर्देश संबंधित को दिया है।

## धान क्रय केन्द्रों पर अनियमितता व चकबंदी विभाग द्वारा किसानों के उत्पीड़न पर भड़के वकील

**एसडीएम को जांच के लिए सौंपा ज्ञापन, की नारेबाजी**

**प्रतापगढ़।** धान क्रय केन्द्रो पर अनियमितता व चकबंदी विभाग मे काश्तकारो के उत्पीडन को लेकर मंगलवार को वकीलो ने समाधान दिवस मे हंगामा काटा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश की अगुवाई मे वकीलो के जत्थे ने नारेबाजी करते हुए समाधान दिवस मे चकबंदी विभाग तथा धान क्रय केन्द्रो पर अनियमितताओ का आरोप लगाते हुए गुस्से का इजहार किया। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि धान क्रय केन्द्रो पर किसानो की धान की खरीद नही हो रही है। विभाग के लोग राइसमिल संचालको से मिलीभगत कर कालाबाजारी कर रहे है। वहीं उन्होने पिछले वर्ष धान की खरीद मे किसानो की बोरियों को वापस न किये जाने पर लाखो के घोटाले का भी आरोप लगाया है। ज्ञापन मे चकबंदी विभाग पर भी किसानो की चक की अदलाबदली को लेकर मातहतो द्वारा गांव गांव



धान क्रय केन्द्रो पर अनियमितता व चकबंदी विभाग मे काश्तकारो के उत्पीड़न को लेकर मंगलवार को समाधान दिवस में नारेबाजी करते वकील

वसूली का आरोप लगाते हुए छोटे काश्तकारों को परेशान किये जाने पर भी वकीलों ने नाराजगी जताई। एसडीएम राम नारायण ने वकीलों को समझा बुझाकर माहौल शांत कराया। ज्ञापन देने के पहले भी वकीलो ने एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी की। वहीं प्रशासन को कार्रवाई न होने पर संयुक्त किसान आंदोलन शुरू किये जाने को लेकर आगाह भी किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी, संजय सिंह, ललित गौड़, राममोहन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अजय सिंह, संतोष पाण्डेय, दिनेश मिश्र, घनश्याम मिश्र, कौशलेंद्र तिवारी, रामलगन यादव, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।



पुल पर जाम का दृश्य

### जाम के झाम से जूझ रही पट्टी तीन घंटे से लगा भीषण जाम

**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला नगर का एकलौता पुल साल भर बाद भी निर्माणाधीन ही है जिसके चलते आए दिन घंटों तक भीषण जाम की स्थिति बनी रहती हैद्य हालांकि इस जाम में कई बार अधिकारी भी घंटों तक फंसे रह चुके हैं, लेकिन उनका क्या वह तो अपने हमराहियों व स्थानीय पुलिस की सहायता से जाम के झाम से निकल जाते हैं पिसती तो बेचारी जनता है। कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की गई बावजूद इसके पीडब्ल्यूडी की उदासीनता के चलते अभी तक इस पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। हालांकि अगर विभाग चाहे तो पुल चंद दिनों में ही जनता के लिए तैयार और चालू किया जा सकता हैद्य लेकिन अनदेखी के चलते आए दिन घंटो तक पुल पर जाम लगा रहता है जिसमें एंबुलेंस, शव वाहन, व 112 की गाड़ियां भी घंटों इसी जाम में फंसी रहती हैं, यहां तक कि कई बार पुल पर भीषण जाम लगने के चलते जिला चिकित्सालय न पहुंच पाने की वजह से कई मरीजों की जान भी जा चुकी है।

### चार लोगों पर युवक की हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ युवक का अपहरण कर हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के उमरपुर निवासी रामलखन सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह अक्टूबर को आरोपियो ने अवैध सम्बन्ध की शंका मे उसके बेटे की हत्या कर लाश नाले मे फेंक दिया था। पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी किंतु दुर्घटना के नाम पर जांच के बहाने पुलिस मुकदमा नही दर्ज कर रही थी। इसके बाद पीडित ने कोर्ट की शरण ली। पीडित की तहरीर के मुताबिक गांव के हरिश्चंद्र बोलेरो चलाया करता है। हरिश्चंद्र को शंका हो गई कि पीडित के बेटे विवेक का उसकी पुत्री के साथ अवैध सम्बन्ध है। बीती दस अक्टूबर को आरोपी हरिश्चंद्र ने मृतक विवेक 21 को बुलवाया तथा बोलेरो पर यह कहकर कि रिश्तेदारी दावत मे चलना है। विवेक को बोलेरो पर अपने साथ ले जाने वालो मे हरीलाल तथा अशोक व कमलेश भी शामिल रहे। आरोप है कि आरोपियो ने उसके बेटे को कोतवाली के लोहंग नाले मे मारकर फेंक दिया।

## प्रतिभाओं का हुआ सारस्वत सम्मान

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज मे सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के मेधावियो को सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय परिसर मे आयोजित हुए सम्मान कार्यक्रम मे समाजसेवी डा. भालचंद्र तिवारी ने सफल प्रतिभागियो को श्रीमती गायत्री देवी स्मृति प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित कर हौसला आफजाई की। इसके तहत विद्यालय की इण्टरमीडिएट बोर्ड की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंजली सरोज को प्रथम तथा प्रीती सरोज को द्वितीय तथा रिंकी यादव को तृतीय एवं हाईस्कूल बोर्ड के सौरभ कुमार तिवारी को प्रथम तथा रवीन्द्र कुमार विश्वकर्मा को द्वितीय एवं निकिता रजक को तृतीय स्थान पर प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर प्रतिभाओं के चेहरे खिले नजर आये। बतौर मुख्यअतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी डा. भालचंद्र तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शिक्षा के क्षेत्र मे लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सफलता का मुकाम हासिल किया है। उन्होने कहा कि आज के परिवेश मे शिक्षा ही सफलता का मेरूदण्ड है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने कहा कि छात्र व छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ भविष्य निर्माण के प्रति भी मजबूत परिवेश देने के लिए शिक्षण संस्थानो की प्रतिबद्धता होनी चाहिये। उन्होनें मेधावियों की हौसला आफजाई के लिए समाजसेवी डा. भालचंद्र के प्रयासो की भी सराहना की। संचालन शिक्षक रामबोध शुक्ल ने किया। इस मौके पर कैप्टन अवधेश सिंह, डा. निरंकार सिंह, डा. राकेश शुक्ल, डा. काशीधर द्विवेदी, अरविंद मिश्र, राजकरन उपाध्याय, राकेश तिवारी, डा. आशीष सिंह, दयाराम वर्मा, महादेव मिश्र, श्रीनारायण तिवारी, बृजेश द्विवेदी, इम्तियाज अहमद, आदि रहे।

## एक अध्यापक, 256 बच्चे, बड़ी नाइंसाफी है

**कटरा गुलाब सिंह।** एक ओर जहां निजी स्कूलों का ग्लैमर अभिभावकों के सिर चढ़कर बोल रहा है वहीं विकासखंड लक्ष्मणपुर के आदर्श कम्पोजिट विद्यालय रेड़ी में शिक्षकों के प्रयास से बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किन्तु अध्यापकों की संख्या लगातार कम हो रही है।इस विभागीय उपेक्षा से अभिभावकों में गहरा आक्रोश है।स्मरण रहे कि गत वर्ष विद्यालय में बच्चों की संख्या 232 थी और अध्यापक तीन थे परंतु वर्तमान सत्र में बच्चों की संख्या 256 हो गई है।जबकि तीन अध्यापको में एक अध्यापक की सेवाकाल में ही मृत्यु हो गई और एक अध्यापक ए आर पी हो चुके हैं। इस प्रकार केवल एक ही अध्यापक कार्यरत है। वर्तमान नियुक्ति में इस स्कूल को केवल एक ही अध्यापक मिला हैं। क्षेत्र के कई विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या मानक से अधिक है इसके बावजूद वहां नए शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। बतादें कि लक्ष्मणपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय नारायणपुर में वर्तमान में छात्रों की संख्या 140 है और वहां कुल नौ अध्यापक और तीन शिक्षामित्र कार्यरत हैं इसके बावजूद वहां दो शिक्षक और नियुक्त कर दिए गए। इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय काछा में पहले से 10 अध्यापक हैं और छात्र संख्या मात्र 166 हैं। फिरभी वहां दो अध्यापक और नियुक्त कर दिए गए हैं। इस प्रकार अध्यापकों की नियुक्ति में विद्यालय की आवश्यकता को नजर अंदाज करके मनमानी की गयी है। नियुक्ति को लेकर अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों में रोष भी व्याप्त हो रहा है ।




बच्चों के साथ अध्यापक

ग्राम प्रधान मीरा शुक्ला का कहना है कि समाज और प्रधान का सहयोग मिलने से विद्यालय का समुचित रूप से कायाकल्प किया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी विद्यालय के प्रत्येक कमरे को एक पंखा और एक कंप्यूटर दिया गया। विद्यालय में डेक्सबेंच की व्यवस्था हेतु सामुदायिक सहयोग में चालीस हजार रुपए अध्यापकों के द्वारा दिया गया। समाज के एक व्यक्ति निर्भय विश्वकर्मा द्वारा विद्यालय को तीन कंप्यूटर और एक प्रोजेक्टर भी प्रदान किया गया।जिससे कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए परंतु विद्यालय में पठन पाठन का संचालन करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक शिक्षक ही नदारत है तो विद्यालय का कायाकल्प किस काम का। बच्चों की बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन द्वारा चलाया जा रहा मिशन प्रेरणा किस प्रकार सफल होगा। ऐसे में सरकारी विद्यालय के प्रति लोगों में बढ़ता उत्साह कम हो सकता हैं।रेडी में पिछले तीन वर्षों से अध्यापक के लिए अभिभावक इंतजार कर रहे थे।यहां तक कि कम्पोजिट विद्यालय का पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेडी. इंग्लिश मीडियम हो चुका है फिरभी विद्यालय में किसी नए अध्यापक की नियुक्ति नहीं हो पाई ।